>

Title: Need to fix remunerative prices of onion in the country, particularly in Maharashtra.

श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (डिंडोरी): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महाराष्ट्र के मेरे संसदीय क्षेत्र डिंडोरी में प्याज का सबसे अधिक उत्पादन होता है। वहां आज भी हजारों किसानों ने चक्का जाम किया है, क्योंकि किसानों को 30 से 35 हजार रुपये प्रति एकड़ खर्च आता है और प्रति एकड़ से उसे 60 या 70 क्विंटल प्रोडक्शन मिलता है और बाजार में आज उसके दाम 300 या 400 रुपये मिलते हैं। यानी 18 हजार या 24 हजार रुपये के आसपास उसे उसका प्राइस मिलता है। इसलिए आज तक वहां बहुत से किसानों ने आत्महत्याएं की हैं।

इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि ऐसे किसानों की प्याज की फसल के मूल्य निर्धारित करने चाहिए, ताकि किसानों को प्याज के उचित मूल्य प्राप्त हो सकें और किसानों को आत्महत्या करने से रोका जा सके। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में प्याज का उत्पादन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे एशिया में सबसे अधिक होता है। इसलिए केन्द्र सरकार को इस बारे में कोई नीति निर्धारित करनी चाहिए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Shri A.T. Nana Patil is allowed to associate with this issue raised by Shri Harish Chandra Chavan.